एचडीएफसी बैंक उत्तर प्रदेश में लगाएगा 4 ऑक्सीजन संयंत्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **एचडीएफसी बैंक** के शाखा बैंकिंग प्रमुख अखिलेश कुमार रॉय ने बताया कि राज्य में **परिवर्तन योजना** के तहत बैंक द्वारा **4 ऑक्सीजन संयंत्रों** की स्थापना की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- अखिलेश कुमार रॉय ने राज्य में '**परिवर्तन**' योजना के तहत ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना सहित बैंक की विभिन्न पहलों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराने के लिये एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए यह जानकारी दी।
- बैंक अपने प्रमुख **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)** कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिये गोरखपुर, वाराणसी, भदोही और लखनऊ में चार ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करेगा।
- ये ऑक्सीजन संयंत्र अस्पतालों को चिकित्सा ऑक्सीजन सहायता की आवश्यकता वाले महत्त्वपूर्ण मामलों को संभालने में आत्मनिर्भर बनाएंगे और दूरस्थ स्थानों से ऑक्सीजन के परिवहन के लिये क्रायोजेनिक टैंकरों पर निर्भरता को समाप्त करेंगे।
- रॉय ने कहा कि इस महामारी में सरकार और कोविड वारियर्स की मदद के लिये बैंक ने यह पहल की है। बैंक इन चार शहरों में ऑक्सीजन संयंत्र लगाने के लिये 3 करोड़ रुपए खर्च करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hdfc-bank-to-set-up-4-oxygen-plants-in-uttar-pradesh